Title : Need to take stringent action against the persons and companies indulging in adulteration of milk and milk products in the country.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): महोदय, पूरे देश में नकली दूध, नकली घी का कारोबार फैल गया है। देश के विभिन्न राज्यों, शहरों विशेषकर दिल्ली, मुम्बई, उत्तर प्रदेश हरियाणा, राजस्थान, गुजरात आदि राज्यों में नकली दूध का बड़े पैमाने पर निर्माण एवं कारोबार होने से लोगों, बच्चों, महिलाओं, बीमार व्यक्तियों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

अतएव सरकार से मांग है कि नकली दूध का निर्माण करने वाली कंपनियों, व्यक्तियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाए।